# तलाश गस्ती

**जनपद बिजनौर** **दिनांक 20.07.2025**

## थाना नहटौर क्षेत्रान्तर्गत एक अज्ञात मृतक की शिनाख्त के संबंध में।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20.07.2025 को समय करीब 10.30 बजे थाना नहटौर पुलिस को फुलसंदा आश्रम के पीछे गन्ने के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति (उम्र करीब 40 वर्ष) का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया गया। मृत्यु का वास्तविक कारण ज्ञात करने के लिये शव को पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरान्त मोर्चरी भेजा गया है।

### हुलिया

**कद करीब 5 फुट 6 इन्च , रंग सांवला, गेरुआ रंग के नेकर व टी-शर्ट व सफेद रंग की बनियान पहने हुए है।**

उक्त अज्ञात मृतक व्यक्ति के संबंध में कोई भी जानकारी हो तो निम्नलिखित नंबरो पर सूचना देने की कृपा करें।

| | | |
|---|---|---|
| **(अभय कुमार पाण्डेय)** | **(धीरज सिहं)** | **(भारत सिंह)** |
| **क्षेत्राधिकारी धामपुर** | **थानाध्यक्ष** | **हल्का प्रभारी** |
| **जनपद बिजनौर** | **थाना नहटौर, बिजनौर** | **थाना नहटौर, बिजनौर** |
| **मो0न0 9454401534** | **मो0-9454403138** | **9719174859** |

## जनपद बिजनौर

**प्रेस नोट– थाना शेरकोट** **दिनॉक 20.07.2025**

**थाना शेरकोट पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 123/25 धारा 281/125(ए)/125(बी) बीएनएस में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

**संक्षिप्त विवरण–**



दिनांक 19.07.2025 को वादी श्री विपिन कुमार पुत्र बेगराज सिंह निवासी ग्राम शाहअलीपुर नीचल उर्फ मंधौरा थाना शेरकोट जनपद बिजनौर ने थाना शेरकोट पर तहरीर दी कि बस संख्या–यूपी–75एच–9414 के चालक अरविन्द कुमार पुत्र श्याम सिंह निवासी शाहअलीपुर नीचल उर्फ मंधौरा थाना शेरकोट जनपद बिजनौर द्वारा बस को तेजी व लापरवाही से चलाना जिससे बस पलट गई और बस में सवार बच्चो को चोटे आयी। इस संबंध में तहरीर के आधार पर थाना शेरकोट पर मु0अ0सं0 125/25 धारा 281/125(ए)/125(बी) बीएनएस बनाम चालक अरविन्द उपरोक्त व बाबूजी मैमोरियल स्कूल संचालक पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही–**

आज दिनांक 20.07.2025 को थाना शेरकोट पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त अरविन्द पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम शाहअलीपुर नीचल उर्फ मंधौरा थाना शेरकोट जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

1. अरविन्द पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम शाहअलीपुर नीचल उर्फ मंधौरा थाना शेरकोट बिजनौर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1.उ0नि0 श्री हरेन्द्र सिंह थाना शेरकोट जनपद बिजनौर।

2.आरक्षी 1184 मोहित कुमार थाना शेरकोट जनपद बिजनौर।